**भारत सरकार**

**विदेश मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या** 4261

**दिनांक 20.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**पड़ोसी देशों के साथ संसदीय विनिमय**

**†4261. श्री कीर्ति आज़ादः**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार द्वारा हाल के वर्षों में अपनाई गई 'नेबरहुड फर्स्ट' नीति पर जोर देने के अनुसरण में सरकार द्वारा हाल ही में कई संसदीय विनिमय कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं,
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) मालदीव की पीपुल्स मजलिस के विशेष संदर्भ में, हाल के वर्षों में आयोजित सभी संसदीय विनिमयों का ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या वर्तमान में किसी नए संसदीय विनिमय की योजना बनाई जा रही है; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**विदेश राज्य मंत्री**
**(**श्री पबित्र मार्गेरिटा**)**

**(क)** से **(ग)** लोगों के बीच आपसी संबंधों को बढ़ाने के लिए **'**पड़ोस प्रथम**'** नीति के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए**,** हमारे पड़ोसी देशों के साथ पिछले कई वर्षों से नियमित संसदीय

आदान-प्रदान हो रहे हैं। मालदीव सहित हमारे पड़ोसी देशों के साथ हाल ही में हुए संसदीय आदान-प्रदान का विवरण अनुबंध I में दिया गया है।

**(घ)** एवं **(ड.)** माननीय लोक सभा अध्यक्ष के निमंत्रण पर, मालदीव जनवादी गणराज्य के अध्यक्ष एक संसदीय प्रतिनिधिमंडल के साथ **10-14** फरवरी **2025** तक भारत का दौरा करेंगे।

अनुबंध**- I**

| देश का नाम | हाल के दिनों में संसदीय आदान-प्रदान का विवरण |
|---|---|
| मालदीव | • माननीय लोक सभा अध्यक्ष ने **1-4** सितम्बर **2019** तक मालदीव का दौरा किया।<br>• मालदीव के स्पीकर ने दिसंबर **2019** में भारत का दौरा किया।<br>• मालदीव के स्पीकर ने अप्रैल **2022** में भारत का दौरा किया।<br>• मालदीव के स्पीकर ने अगस्त **2022** में भारत का दौरा किया। |
| श्रीलंका | • श्रीलंका के अध्यक्ष के नेतृत्व में **11** सदस्यीय श्रीलंकाई संसदीय प्रतिनिधिमंडल **16-20** दिसंबर **2023** तक भारत का दौरा किया। |
| भूटान | • भूटान की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष के नेतृत्व में तेरह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने **5-11** फरवरी **2023** तक भारत का दौरा किया। यात्रा के दौरान संसदीय सहयोग को मजबूत करने पर लोकसभा और भूटान की नेशनल असेंबली के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। |
| | उपरोक्त यात्रा के अतिरिक्त, दोनों देशों के संसदीय प्रतिनिधियों के बीच निम्नलिखित बातचीत हुई:<br>• लोक सभा सचिवालय के दो वरिष्ठ कर्मचारियों, श्री अभिजीत कुमार और श्री राम चंद्र तिवारी ने भूटान की संसद की आर्थिक और वित्त समिति के लिए 'बजट विश्लेषण और जांच पर संसदीय कार्यशाला' आयोजित करने के लिए **20-22** मई **2019** तक भूटान का दौरा किया।<br>• माननीय लोकसभा अध्यक्ष और भूटान की राष्ट्रीय परिषद के अध्यक्ष ने **13-17** अक्टूबर, **2019** तक बेलग्रेड में अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) की **141** वीं सभा के दौरान बातचीत की। |

| | |
|---|---|
| | • भारत के माननीय उपराष्ट्रपति और भूटान की राष्ट्रीय परिषद के अध्यक्ष ने **9-12** मई **2019** तक वियतनाम में संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय वेसाक दिवस समारोह **2019** के दौरान बातचीत की।<br>• माननीय लोक सभा अध्यक्ष और भूटान की राष्ट्रीय सभा के अध्यक्ष के बीच **01-02** सितंबर **2019** को चौथे दक्षिण एशियाई स्पीकर्स शिखर सम्मेलन के दौरान माले में उपयोगी चर्चा हुई ।<br>• **14** अक्टूबर **, 2024** को जिनेवा में अंतर संसदीय संघ **(**आईपीयू**-149)** के दौरान भूटान नेशनल असेंबली के अध्यक्ष से मुलाकात की। |
| नेपाल | • नेपाल के सांसदों सहित युवा नेताओं के प्रथम समूह की **10-20** दिसंबर **2023** तक भारत यात्रा का समन्वय ओआरएफ द्वारा किया गया।<br>• मार्च **2023** में रायसीना डायलॉग के लिए सांसदों सहित सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का दौरा।<br>• भारत**-**नेपाल मैत्री सोसायटी के माध्यम से **28** मार्च **2023** से **04** अप्रैल **2023** तक सांसदों सहित बारह युवा नेताओं की यात्रा की सुविधा प्रदान की गई।<br>• **5-7** जुलाई **2023** तक ओआरएफ द्वारा शिलांग में **"**प्रकृति के समाधान**:** हमारे टिकाऊ भविष्य की एक नई रूपरेखा**"** विषय पर संवाद में नेपाल के सांसदों की भागीदारी ।<br>• सांसदों सहित नेपाली युवा प्रतिनिधिमंडल के दूसरे दल की **25** सितंबर **2024** से **03** अक्टूबर **2024** तक की यात्रा का समन्वय ओआरएफ द्वारा किया गया।<br>• अंतर्राष्ट्रीय संबंध एवं पर्यटन पर नेपाली संसदीय समिति के सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल का **30** जनवरी **2024** से **07** फरवरी **2024** तक भारत दौरा। |

*********